KLS/HMS/3O-5.00

श्री आनन्द शर्मा (क्रमागत) : उन्होंने आपकी बात मानी थी, तकलीफ सही थी, लेकिन आपने उनके साथ ये बदसलूकी की। इस देश के अंदर कई मिसालें हैं। उपसभापति महोदय, सच्चाई कड़वी होती है, आप लोग सुनना नहीं चाहते। अच्छा होता कि आपके माननीय प्रधान मंत्री दूसरों की बात भी सुनते, आपकी भी बात सुनते। उपसभापति जी, चाहे वे देश की नीतियां हैं, चाहे वे विदेश की नीतियां हैं, पर हालात क्या हैं?

श्री उपसभापति : आनन्द शर्मा जी, जरा सुनिए। आपने 40 मिनट ले लिए हैं।

श्री आनन्द शर्मा : अभी और लूंगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How much time your party has taken, tell me. Now you conclude. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: Just forget it, Sir. This is an important issue. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now you conclude. …(Interruptions)..

SHRI ANAND SHARMA: You said that I am the last speaker. …(Interruptions)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you are the last speaker. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: This is unfair, Sir. …(Interruptions)… यह क्या हो रहा है? आप देखिए

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have been informed that after your speech is over, the Finance Minister would like to say a few words and after that the Prime Minister will come. ...(Interruptions)… Therefore, you have to stop. …(Interruptions)…

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी) : उपसभापति जी, आनन्द शर्मा जी ने लगभग एक घंटे से ज्यादा बहुत अच्छा प्रवचन दिया, बहुत अच्छी बात कही।

SHRI ANAND SHARMA: Let the sense of the House be taken. …(Interruptions)…

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : मुझे लगता है कि आनन्द शर्मा जी की सारी बातें पूरी हो चुकी हैं। …(व्यवधान)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: I will speak for seven minutes more. …(Interruptions)… Please. I would have finished if I had not been stopped all the time. …(Interruptions).. No, Sir. I will speak. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: His party has taken so much time. …(Interruptions)… Later on you will complain against it. …(Interruptions)… You will say that I gave them more time. …(Interruptions)… How can it be? …(Interruptions)… After your speech, the Finance Minister wants to intervene and then only the Prime Minister will come. That is what I am

saying. …(Interruptions)… I said what I have been told. …(Interruptions)… I said what I have been informed. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: I am not blaming the Chair. …(Interruptions)… We understand because we have also been in politics for long. We know what is happening. …(Interruptions)… We know what is happening since yesterday. We are not children. But that is fine. …(Interruptions)… I have one thing to say. अब यह नयी बात हुई क्योंकि पैसा छपा नहीं, तैयारी हुई नहीं, जुबान टूट गयी, इकबाल टूट गया, अब करोड़ों रुपया "कैश लेस" करने पर खर्च हो रहा है। अच्छा, दुनिया में कौनसा देश "कैश लेस" है? भारत में तो 90 परसेंट से ज्यादा लेन-देन कैश ट्रांजैक्शंस में होता है। फाइनेंस मिनिस्टर को मालूम होगा

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude please. …(Interruptions)…

श्री आनन्द शर्मा : आपको मालूम होगा वर्ल्ड बैंक की फाइनेंस इंक्लूजन रिपोर्ट, I am referring to the World Bank Financial Inclusion Report which says that less than 7 per cent of Indians use cheque for transactions, less than 2 per cent Indians are using credit cards and debit cards. …(Interruptions)…भारत के अंदर साढ़े छ: लाख गांव हैं और 1 लाख 32 हजार बैंक ब्रांचेज़ हैं। उनमें भी 73 परसेंट शहरों के अंदर हैं। देश में 2 लाख 12 हजार एटीएम्स हैं और हिंदुस्तान के किसी गांव में एटीएम नहीं है। आपने कोऑपरेटिव बैंक्स और ग्रामीण बैंक्स को पैसा नहीं दिया, न नोट बदलवाने की अनुमति दी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: You give me seven minutes more. …(Interruptions)… After every thirty seconds if you ask me to sit down, I am not going to sit down. …(Interruptions)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken much more time than allotted to your party. …(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: You are not allowing me to speak. …(Interruptions)… You are not allowing me. …(Interruptions)… These are important issues which I am raising. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If each party starts behaving like this, what do I do? …(Interruptions)… देखो, यह गलत होगा।

SHRI ANAND SHARMA: After every ten seconds, you are interrupting me. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude, please. …(Interruptions)… आनन्द शर्मा जी, आपने बहुत बोला है।

SHRI ANAND SHARMA: It is in the interest of the functioning of this House that I am given those few minutes. I am requesting and allow me to conclude.

(Contd by 3P/SSS)

SSS-ASC/3P/5.05

श्री आनन्द शर्मा (क्रमागत) : सर, मुझे एक चीज कहनी है, कि जिस हिन्दुस्तान में as per the RBI, 43 per cent of Indians have no bank accounts, that is 55 crores, even if I accept your number on *Jan Dhan* accounts, yet a large number of them are not operational. There are no transactions. If over 80 crore Indians have no bank accounts, who will give them a credit card or a debit card? सर, आज सरकार और प्रधान मंत्री Paytm को प्रमोट कर रहे हैं, क्रेडिट कार्ड को प्रमोट कर रहे हैं, आप प्रमोट जरूर करें, आप 'भीम' को भी प्रमोट करो । .....(व्यवधान).... Interruptions)... Sir, after every ten seconds if they interrupt, how can I conclude? They don't even give me 30 seconds uninterrupted. Sir, this is not fair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please. ...(Interruptions)...

SHRI KAPIL SIBAL: Why is the Prime Minister not here? There should be some respect for the House. ...(Interruptions)...

SHRI NEERAJ SHEKHAR: Let them say, "He will not come." He is not coming, we know that. He is afraid. ...(Interruptions)...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी) : सर, इनका भाषण हो गया है। ...(व्यवधान).. आप सुन लीजिए। .....(व्यवधान)....प्रधान मंत्री जी intervene करेंगे, चिंता मत करिए। .....(व्यवधान)....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...(Interruptions)... Now listen to me. I have already said... ...(Interruptions)... आप सुनिए।

.....(व्यवधान).... आप बैठिए।.....(व्यवधान).... You please sit down. ....(Interruptions)…

SHRI PALVAI GOVARDHAN REDDY: If the Prime Minister is correct, why should he not be here?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Reddyji, please sit down. Be reasonable. …(Interruptions)… Listen to me also. Please be reasonable. …(Interruptions)… आप सुनिए। .....(व्यवधान).... How much time can your party be given? You have taken much more than what is due. …(Interruptions)…

SHRI P. CHIDAMBARAM: That is not relevant now. …(Interruptions)…

SHRI NEERAJ SHEKHAR: You said he will be the last speaker. After that the Prime Minister will speak. …(Interruptions)…

श्री उपसभापति : आप सुनिए। .....(व्यवधान).... आप सुनिए। .....(व्यवधान).... Shri Sanjiv Kumar, please sit down. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot allow if a Member wants to indefinitely speak. This cannot be allowed. I cannot allow that because I am told that the Leader of the House also wants to intervene. It is already 5.10 p.m. A lot of time has been given. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order.

SHRI P. CHIDAMBARAM: You said the Prime Minister will come. Why is he not here?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Anand Sharmaji's party time was fully exhausted yesterday. Even then I allowed. What is the rationale? We cannot function in this way.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, have you changed the rules of the Rajya Sabha?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are changing. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is your point of order?

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, why is the last speaker, Shri Anand Sharma, not being allowed to speak? The Prime Minister has to reply to the queries raised by us. Where is he? My question is, is there a rule that a debate will only start when he speaks? Sir, what is this? …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have a point of order. Now, let me reply to you. …(Interruptions)… Yes, it is a valid point of order. Allow me to reply to that.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, have you fixed the time? Has the Prime Minister got time to speak? This is not fair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You raised a point of order. You are not allowing me to speak. Now, listen to me. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: He should be here to respond to our queries. Have you changed the rule that the Prime Minister will only come…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Digvijayaji, listen to me.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Will he not listen to us?

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, why is the Prime Minister not here?

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Show me the rules book, Sir. Can the Prime Minister tell us at what time he will respond?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Listen to me. Are you ready to listen to me? बैठिए, आप लोग बैठिए। Let us not quarrel now. Each party has time allocated… …(Interruptions)… Let me speak. …(Interruptions)… Let me complete. ….(Interruptions)…

<u>(Followed by NBR/3Q)</u>

<u>-SSS/NBR-LT3Q/5.10.</u>

SHRI DIGVIJAYA SINGH : Can the hon. Prime Minister dictate the House? …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let me complete. …(Interruptions)… You are such a senior Member and not allowing me to speak! …(Interruptions)… Allow me to speak. …(Interruptions)… Let me complete. …(Interruptions)… आप लोग बैठिए..(व्यवधान)… I have no problem. …(Interruptions)… Let me complete. बैठिए, बैठिए..(व्यवधान).. बैठिए, बैठिए..(व्यवधान).. …(Interruptions)…Please, sit down. डा. टी. सुब्बारामी रेड्डी जी बैठिए।..(व्यवधान)..My problem is not that. …(Interruptions)… Listen to me. …(Interruptions)…There should be some kind of a reasonable allocation of time. …(Interruptions)… Now, let me complete. …(Interruptions)… Let me complete. …(Interruptions)… Are you ready to listen to me? You are a very senior leader. I respect you very much. But, listen to me. …(Interruptions)… Time allocated to all parties exhausted yesterday itself. …(Interruptions)… Let me say. …(Interruptions)… But Shri Anand Sharma was the last speaker and we could not allow him yesterday, because so many names came. So, Shri Anand Sharma's name left out. Therefore, it was decided that Shri Anand Sharma should be allowed to speak and I allowed him. And, it was announced in this House that, in any case, he has to stop at 5.00 p.m., because at 5.00 p.m. the Prime Minister is expected to reply. …(Interruptions)… Let me complete. …(Interruptions)… Sit down. …(Interruptions)… What is this? …(Interruptions)… Sit down.

…(Interruptions)… What are you doing? Sit down. …(Interruptions)… No, no. You cannot do this way. …(Interruptions)… I am on my legs. …(Interruptions)… But, so many names came in between since yesterday and all of them have been accommodated. Let me say that. …(Interruptions)… Even on the Payment of Wages Bill, so many names came. All of them have been accommodated. Even yesterday, a dozen extra names came, I have accommodated them. …(Interruptions)… So, in between, I was informed that the Leader of the House wants to speak. So, I said, 'Okay. At 5 .00 p.m. Shri Anand Sharma should stop and the Leader of the House should speak.' …(Interruptions)… That is natural. …(Interruptions)… What is the harm in that? …(Interruptions)… No, no. You have to stop. …(Interruptions)… After that the Prime Minister will come. …(Interruptions)… No, no. …(Interruptions)… I have got a request from the Whip of BJP that the Leader of the House and Finance Minister wants to speak. …(Interruptions)… That is why I am stopping him. …(Interruptions)… Otherwise, I would not have stopped him and waited for the Prime Minister to come. …(Interruptions)… That is my problem. …(Interruptions)…You understand. …(Interruptions)… What do I do? …(Interruptions)… What do I do? …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, let me suggest a solution to this. …(Interruptions)… Let me suggest that as soon as the hon. Prime Minister walks in, Mr. Anand Sharma will sit down. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Suppose, if the Prime Minister decides not to come, Mr. Anand Sharma will not stop. What is this? …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: Ah! That is the game. …(Interruptions)… You exposed the fact. …(Interruptions)…

संसदीय कार्य मंत्रालय में मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी) : 5 बजे के बाद प्रधान मंत्री जी रिप्लाई करेंगे। आनन्द जी को बोलने दीजिए। ..(व्यवधान)..ऐसा कहना, आपकी महानता है। .(व्यवधान)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Parliament cannot function like this. …(Interruptions)… Rajya Sabha cannot function like that. …(Interruptions)… The Chair has to control. …(Interruptions)… The Chair has to allot time. …(Interruptions)… I have allotted time. I have given him forty-four minutes, up to 5.00 p.m. Now, he has to stop.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I only wanted to get this information from you that hon. Prime Minister is not coming. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. I did not say that. …(Interruptions)… I did not say that. …(Interruptions)…No, no. …(Interruptions)… I did not say

that. …(Interruptions)… But, we cannot function like that. …(Interruptions)…

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : आप चिंता मत कीजिए, प्रधान मंत्री जी जरूर आएंगे।.(व्यवधान).. माननीय आनन्द शर्मा जी का दो घंटे का भाषण हम सबने सुना है, .(व्यवधान)..इसलिए आप आनन्द शर्मा जी से रिक्वेस्ट कीजिए कि उनकी सारी बातें आ चुकी हैं और उनको दोहराने से अब कोई फायदा नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We cannot function like that. …(Interruptions)… We cannot function like that. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I want a ruling from you. …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. That is not the issue. …(Interruptions)… The issue is that he has spoken for forty-five minutes. …(Interruptions)… It is much more than any party's time. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I want a ruling from you. …(Interruptions)…Can the hon. Prime Minister dictate the House at what time he will speak? …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. He cannot. …(Interruptions)… Nobody can. …(Interruptions)… It is up to him. …(Interruptions)…

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, the way the ruling party is behaving is as if the hon. Prime Minister dictates rule in this House. …(Interruptions)…We

are objecting to that. …(Interruptions)… Can he dictate the House? …(Interruptions)…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But, who is violating the rule now?

(CONTD. BY USY/3R)

KLG-USY/3R/5.15

MR. DEPUTY CHAIRMAN (Contd.): The Chair has given him 45 minutes. Now, when the Chair is asking him to conclude, he is not concluding. Who is violating? …(Interruptions)…. So, what should I do? Okay, you want three more minutes. You can take three more minutes. Agreed.

श्री आनन्द शर्मा: सर, बात ऐसी है कि हम ऐसी अस्वस्थ परंपराएं बना रहे हैं, अस्वस्थ मानसिकता का तो मैंने जिक्र कर दिया। अब कोई अच्छा भी काम करे, कोई अच्छा भी बोल रहा हो, परन्तु बीच-बीच में दस-दस सेकंड के बाद आपकी टोका-टोकी जो चलती है, उससे तो कोई भी नहीं बोल पाएगा, जैसे आप भी नहीं बोल पाए। प्रधान मंत्री जी अच्छा बोलते हैं, अगर दस-पन्द्रह सेकण्ड के बाद उनको टोका-टोकी होगी, तो अच्छे से अच्छा वक्तव्य खराब हो जाएगा। आप इसे बंद करिए। हम भी पुराने सदस्य हैं, I am a senior Member of this House. I first came to this House in 1984. Please give me that respect.

मुझे आपसे यह बात कहनी है। दूसरे कई विषय है, मैं उन पर नहीं बोलूंगा। विदेश नीति की मेरे साथियों ने चर्चा की। आज जो बदहाली है, the kind of policy, which you are pursuing, is alienating even the time-tested friends of India, particularly in

our neighbourhood. What is happening? The Prime Minister does not believe in a debate. After all, in our democracy, we have always believed in discussions. We can differ. But we can also share our experiences. Former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, is here. He can also give his own inputs. But the Prime Minister thinks that he knows everything and there is no need to consult. I have one issue to raise, which should concern this House. …(Interruptions)….

विधि और न्याय मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): आपके ही लोग आपको नहीं बोलने दे रहे हैं। ...(व्यवधान)...

श्री आनन्द शर्मा: देखिए, बात ऐसी है कि सर, मैं आपकी बहुत इज्ज़त करता हूँ और पीठ की इज्ज़त करता हूँ। I want to put you a question. Since the hon. Chairman and you announced in the House yesterday, you also announced today that Anand Sharma is the last speaker and after that the Prime Minister will reply. Where is the Prime Minister? Where is he? …(Interruptions)….

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In between, I was informed that the Finance Minister will also speak. So, I have to accept that. …(Interruptions)….

श्री आनन्द शर्मा: सर, एक चीज मैं बोलूं, इसको गौर से सदन सुने, पूरा सदन इस बात को सुने। आपने कहा "सबका साथ, सबका विकास" और भाषण में कहा "चर्चा", "संवाद", लेकिन संवाद एक तरफ का नहीं होता कि वे बोलें और हम सुनें। संवाद दो

तरफ से होता है, संवाद व्यक्ति अपने आप से नहीं कर सकता है। तो यह कैसे संभव है? मुझे एक चीज कहनी है, जो एक गंभीर बात है। प्रधान मंत्री जी ने अभी हाल में अमरीका के राष्ट्रपति से बात की, जो उनका अधिकार है, आप देश के प्रधान मंत्री हैं, लेकिन हम अब तक सवाल कर रहे हैं कि एच1बी1 वीज़ा का, जो वहां पर पांच लाख हिंदुस्तानी वहां हैं, उनके बारे में has he sought any credible assurance about that? जो हमारे आईटी के लोग हैं, जो हमारे प्रोफेशनल्स हैं, सिर्फ यह कहना कि बहुत अच्छी बात हो गई। यह तो वक्त बताएगा कि कैसी बातचीत हुई। आपने उसके बारे में क्या क्रेडिबल एश्योरेन्स ली? मैं पूछना चाहता हूँ।

सर, मुझे एक चीज और कहनी है कि गलतियां होती हैं। ...(व्यवधान)... गलतियां होती हैं, बिल्कुल सही बात है, लेकिन उनको स्वीकार करना चाहिए। मैं यह नहीं कहता कि हम लोगों से कोई गलती न हो, परन्तु सरकार अपनी गलती न माने, प्रधान मंत्री अपनी गलती न माने और हमारे मित्र तो कहें कि एक दिन भी कैश की शॉर्टेज न हो, तो बड़े दुख की बात हो जाती है। सर, मुझे एक चीज कहनी है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Please conclude.

श्री आनन्द शर्मा: सर, मैं conclude कर दूंगा, परन्तु मेरी बात तो सुन लें। ...(व्यवधान)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; no. Please conclude. …(Interruptions)….

SHRI ANAND SHARMA: Sir, the sense of the House may be taken. …(Interruptions)…. I think, I should continue. …(Interruptions)…. Take the sense of the House. …(Interruptions)….

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; no. No sense of the House is required on this. ...(Interruptions).... (Contd. by 3s – PK)

MR. DEPUTY CHAIRMAN (CONTD.): Before the Prime Minister, the Finance Minister has to speak. I have already announced this. ..(Interruptions).. Before the Prime Minister, the Finance Minister has to speak. I don't know how long he will take. ..(Interruptions).. So, Anand Sharma*ji,* now sit down. ..(Interruptions).. आनन्द शर्मा जी, अब आप बैठिए।

श्री आनन्द शर्मा : सर, मैं अभी नहीं बैठूँगा, मैं अपनी बात खत्म करूँगा।

श्री उपसभापति : आप मुझे इतनी तकलीफ क्यों दे रहे हैं?

श्री आनन्द शर्मा : सर, मैं अभी खत्म करूँगा। I will conclude.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are putting me into so much of difficulty. ..(Interruptions)..

श्री आनन्द शर्मा : सर, मुझे अपनी बात खत्म करने दें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

श्री आनन्द शर्मा : सर, मुझे एक चीज कहनी है कि मैंने जो गलतियों का ज़िक्र किया, बार-बार ये गलतियाँ न होतीं, अगर हमसे नहीं, तो वे अपने वरिष्ठ साथियों के साथ सलाह-मशविरे से फैसले करते। पर सलाह-मशविरा किनसे करें? सलाह-मशविरा उनसे तो नहीं कर सकते, जो टोक नहीं सकते, जो चेता नहीं सकते कि इस फैसले से ऐसा हो सकता है, इस नीति से यह गलत हो सकता है। एक भय का वातावरण है। जब

पूरा विपक्ष डरता है, तो मैं भी जानता हूँ कि काफी लोग भयभीत रहते हैं। जो नहीं हैं, बोलना मत कि हम डरते नहीं हैं, नुकसान हो जाएगा। ...(समय की घंटी)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay.

श्री आनन्द शर्मा : मैं खत्म कर रहा हूँ। सर, फिर से घंटी। मुझे यह कहना है कि जो लोग इनको समझा सकते थे, जो लोग इनको टोक सकते थे, वे बड़े नेता थे, अगर उनसे सलाह-मशविरा करते, तो गलतियाँ न होतीं, लेकिन उनको मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया गया है। मुझे प्रधान मंत्री को एक सलाह देनी है। ...(व्यवधान)...

SHRI KAPIL SIBAL: If he doesn't want to listen to us, why should we listen to him?

SHRI ANAND SHARMA: Correct.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right, please conclude.

श्री आनन्द शर्मा : मैं खत्म करता हूँ, आप उनको हमारी तरफ से कह देना,

"बात मन की सिर्फ कहते, सुन भी तो लेते कभी,
क्या-क्या है मन में देश के, प्रधान मंत्री समझ भी लेते कभी।"

न वो सुनने आए, न समझने आए। हम भी मजबूर हैं। अगर यह अहंकार है, तो विनम्रता से सरकार चलती है, अहंकार नहीं होना चाहिए। अगर आपको यह लगता है कि आप हमेशा यहाँ रहेंगे, ...(समय की घंटी)... तो वह बुलेट ट्रेन जल्दी बना दो, उसी बुलेट ट्रेन में 2019 में प्रधान मंत्री और आप सबको हम रवाना करेंगे। हरी झंडी हम दिखाएँगे और जाएँगे आप। धन्यवाद।

(समाप्त)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Please sit down. Mr. Jaitley, would you like to say something? ..(Interruptions).. Please. ...(Interruptions)..

SHRI PALVAI GOVARDHAN REDDY: Don't allow.. ..(Interruptions).. Only the Prime Minister should speak, Sir. ...(Interruptions).. Only the Prime Minister should speak. No other Minister will speak. Only the Prime Minister will speak. ...(Interruptions)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ..(Interruptions)..

श्री नीरज शेखर : सर, यह स्पष्ट होना चाहिए कि प्रधान मंत्री यहाँ आएँगे कि नहीं? आप खड़े होकर बोलिए।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी) : मैं खड़ा होकर बोल रहा हूँ।

श्री उपसभापति : प्रधान मंत्री आएँगे। The PM will come. He has already said that. ...(Interruptions).. The PM will be coming. It is already announced. ....(Interruptions).. प्रधान मंत्री आएँगे, आप बैठिए। Please sit down.

वित्त मंत्री (श्री अरुण जेटली) : माननीय उपसभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर तीन दिन से चर्चा चल रही है ...(व्यवधान)... और लगभग 40 सम्मानित सदस्य इस बहस में बोले हैं। प्रधान मंत्री जी थोड़ी देर में यहाँ होंगे, उस बहस में intervene करने के लिए। मैं आपके समक्ष केवल एक-दो विषय रखना चाहूँगा। आज़ाद साहब ने बहस शुरू की थी, जम्मू-कश्मीर से लेकर demonetization तक और आनन्द शर्मा जी कुछ ज्यादा ही नाराज हैं।

श्री आनन्द शर्मा : मैं नाराज नहीं हूँ।

श्री अरुण जेटली : उन्होंने यूनाइटेड स्टेट्स की नए शासन की जो वीज़ा पॉलिसी है, उसका दोष भी हमारे ऊपर डाल दिया। उनकी नाराजगी इस सीमा तक है।

श्री आनन्द शर्मा : मैंने यह कहा कि उनसे कोई आश्वासन लिया या नहीं। Credible assurance, that is all what I said.

श्री अरुण जेटली : लेकिन demonetization के सम्बन्ध में पिछले आधे-पौने घंटे से उन्होंने अपने जो विचार रखे, उसमें खेद इस बात का है कि cash currency के गुण क्या हैं, लगभग उस दिशा में वे भटकते हुए नजर आए।

<u>(3टी/एससीएच पर जारी)</u>

<u>SCH-PB/5.25/3T</u>

श्री अरुण जेटली (क्रमागत) : इस देश में सब कुछ कैश के माध्यम से होता है, इस देश में digitization होना बड़ा कठिन है, इस देश में banks की branches नहीं हैं, इसलिए जो यथास्थिति है, वही देश के अंदर चलती रहे, अब कम से कम सन् 2017 में यह तर्क नहीं चल सकता है।...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...(Interruptions)... Please listen. Please listen. ...(Interruptions)... Please. ...(Interruptions)... Please don't do that. ..(Interruptions)... Please. आप सुनिए...(व्यवधान)...

श्री अरुण जेटली: मैं केवल इतना तथ्य आपके सामने रख दूं कि जब यह सरकार आई थी, तो एक पहला बड़ा कदम हम लोगों ने उठाया था। हालांकि पुरानी सरकार ने भी उस काम को करने का प्रयास किया था, लेकिन हमने उसको बहुत बड़े पैमाने पर

किया। देश में जो financial inclusion का कार्यक्रम था, उसको और तेजी से गति देने की कोशिश की गई। जन-धन एकाउंट्स लगभग उस जनसंख्या के थे, जो आज तक बैंकों तक पहुंची भी नहीं थी। उसको धीरे-धीरे बढ़ाया गया और पूरे विश्व में उसकी चर्चा हुई, आज उन एकाउंट्स की संख्या 27 करोड़ तक पहुंच चुकी है। याद रहे कि इस देश में केवल 25 करोड़ परिवार हैं। पहले एक सीमित जनसंख्या तक ही बैंक एकाउंट्स सीमित थे, इसलिए कुछ लोग उससे वंचित थे। गरीब से गरीब व्यक्ति और ज़ीरो एकाउंट वालों को भी यह सुविधा दी गई कि वे उस एकाउंट तक पहुंच पाएं और उस एकाउंट को ऑपरेट करने का उनका स्वभाव बने। सरकार की जो अन्य योजनाएं थीं, उनका गरीब लोगों को फायदा मिल सके, इसके लिए जन-धन एकाउंट्स के तहत, 'आधार' के साथ उनका पूरा डेटा बैंक बनाया गया। आज कितने ही सरकारी कार्यक्रम ऐसे हैं, जिनके माध्यम से गरीब लोगों को सरकारी सहायता मिलती है, तो वह सहायता सीधे उन खातों में जाने लग गई है। वे खाते, जिनमें से लगभग 78 फीसदी ज़ीरो एकाउंट के थे, आज उनमें से अधिकतर खाते एक्टिव हो चुके हैं, सक्रिय हो चुके हैं।

दूसरा, काले धन के खिलाफ सरकार ने अचानक कदम उठा लिया हो, ऐसा नहीं था। पहले दिन से, जब से यह सरकार बनी थी, हमारा चुनावी मुद्दा भी यही था। 26 मई, 2014 को सरकार ने शपथ ली और 29 मई, 2014 को पहला निर्णय यह लिया कि 2011 का सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय था, उसके अनुकूल हम लोगों ने SIT का गठन कर दिया। SIT का गठन करने के बाद सरकार ने एक से एक कदम उठाए। एक तरफ जन-धन एकाउंट्स थे, तो दूसरी तरफ सरकार की नीति यह थी कि हम लोगों को विदेशों से अधिक से अधिक सहायता मिल सके। इसके लिए अमरीका के साथ FATCA

का समझौता हुआ और स्विट्ज़रलैंड के साथ भी समझौता हुआ। जी-20 में प्रधान मंत्री ने इनिशिएटिव लिया कि जिन लोगों ने विदेशों के अंदर अपने assets या खाते रखे हुए हैं, उनके संबंध में एक तरीके से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाया जाए। आज हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति गैर-कानूनी तरीके से विदेश में खर्चा करता है या कोई asset रखता है, तो उसकी जानकारी हिन्दुस्तान को भी मिल जाएगी। जो मामले HSBC के माध्यम से या Liechtenstein के माध्यम से सरकार के सामने आए, उनमें से एक-एक की इन्वेस्टिगेशन सरकार ने समाप्त की, assessment orders किए और जहां-जहां संभव था, उन लोगों के खिलाफ criminal cases register किए गए। सरकार ने आरम्भ में एक बहुत अच्छा कानून बनाया, जिसका सभी वर्गों ने समर्थन किया। उस कानून के अनुसार जिन लोगों के विदशों में साधन थे या कोई एकाउंट्स थे, उनको डिक्लेयर करने के लिए उन लोगों को एक higher rate of taxation पर मौका दिया गया। उसमें सरकार ने दस साल तक की सजा का प्रावधान भी किया।

1996 से लेकर अब तक जो अंतर्राष्ट्रीय समझौते हुए थे, जिनको हम Double Taxation Avoidance Treaty कहते हैं, कुछ देशों के साथ वे इस प्रकार के थे कि भारत में उनके ऊपर capital gains tax नहीं लगता था और जिस देश के साथ यह समझौता था, वहां यह टैक्स था ही नहीं, जैसे मॉरिशस, साइप्रस, सिंगापुर। इस देश के अंदर यह विषय बार-बार सार्वजनिक चर्चा में आता था कि घूम कर भारत का पैसा बाहर जाता था और round-tripping होकर, उसी रास्ते से वापस आ जाता था। उस पैसे पर न तो इस देश के अंदर टैक्स लगता था और उस देश के अंदर तो टैक्स था ही

नहीं। उन सभी समझौतों पर देश में पुनर्विचार किया जाए, यह विषय 1996 से, पिछले 20 साल से चल रहा था।

(3u/rpm पर जारी)

RPM-SKC/3U/5.30

श्री अरुण जेटली (क्रमागत): महोदय, वर्ष 2016 एक ऐसा वर्ष था, जिसमें मॉरीशस और उसके बाद साइप्रस और उसके बाद, अभी दिसम्बर, 2016 में हमने सिंगापुर के मामले का रीविज़िट किया और जो उसके प्रावधान थे, धीरे-धीरे एक तरह से उनका पुनर्लेखन किया है।

महोदय, देश के अंदर जो काला धन था, उसके लिए बहुत सफल आईडीएस स्कीम सरकार ने घोषित की, जिसमें लोगों ने अपने डिस्क्लोज़र्स किए। उसके बाद, जो बेनामी कानून था, जो वर्ष 1988 में बना था और इनइफेक्टिव कानून था। कानून मंत्रालय की यह राय चली आ रही थी कि यह कानून ऐसा है, इसके तहत नियम या रूल्स बन नहीं सकते और इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सकता। It cannot be made operative. इस प्रकार वर्ष 1988 से लेकर वर्ष 2016 तक संसद का कानून बना हुआ था, लेकिन वह इनऑपरेटिव था। वर्ष 2014-15 में इसका एक संशोधन संसद में पारित कराया गया और वर्ष 2016 से हमने उसे ऑपरेटिव कराया। अगर इन सभी कार्रवाइयों को एक कड़ी के अंदर देखा जाए, तो यह वह सरकार है, जो पहले दिन से, इस देश के अंदर जो काला धन, एक परम्परा और जीवन शैली का एक अंग बन चुका था, उसे समाप्त करने का हम लोग प्रयास कर रहे हैं।

श्री सीताराम येचुरी: सर, यदि अनुमति हो, तो मैं एक बात पूछना चाहता हूं।

सर, माननीय वित्त मंत्री जी Double Taxation Avoidance Treaty के बारे में बिलकुल सही बात कह रहे हैं, लेकिन पहले जब बीजेपी की सरकार थी, यह उस समय लागू हुआ था। उस समय हमारी आपत्ति थी कि यही होने वाला है। डबल टैक्सेशन का मतलब है कि दो देशों में वह टैक्स हो और एक ही आदमी या एक ही कॉरपोरेट, दोनों देशों में डबल टैक्स न दे। अब मॉरीशस जैसे देश में capital gains tax है ही नहीं, फिर भी आप उसे यहां भी नहीं देने की अनुमति दे रहे हैं, यह बात है। इसलिए इस बात को भी स्वीकार कर लीजिए कि पहले गलती हो गई, उसे अब सुधार रहे हैं। बीजेपी की सरकार में जो गलती पहले हो गई, उसे अब आप सुधार रहे हैं।

श्री अरुण जेटली: आप कुछ हद तक ठीक कह रहे हैं, लेकिन उसमें एक बात चैक कर लें, मैं भी चैक कर लूंगा कि मॉरीशस का कोई एग्रीमेंट पिछली एनडीए सरकार के दौरान नहीं हुआ था। वह उससे कहीं पुराना है। It is an old legislation. वर्ष 1996 से उसका रिव्यू चल रहा है। So, it is a legislation that came prior to 1996. इसलिए वह पिछली एनडीए सरकार के समय हुआ, यह ठीक नहीं है। इसलिए इस तथ्य को आप करैक्ट कर लीजिए। बाकी जो तर्क आपने दिया, वह सही था। वह तर्क इसलिए सही था कि Double Taxation Avoidance Treaty का अर्थ यह है कि एक स्थान पर टैक्स दो, भारत में नहीं देना है, तो विदेश में दो। विदेश में वह टैक्स था नहीं और इसलिए यह टैक्स फ्री इन्वेस्टमेंट हो जाती थी और इसीलिए इसका एक लालच रहता था और एक टेम्प्टेशन रहती थी कि यहां से घूमकर, राउंड-ट्रिपिंग होकर, यहां का ब्लैक मनी बाहर जाए और फिर घूमकर देश के अंदर वापस आ जाए। मैं केवल इतना कहने का प्रयास कर रहा था कि आपने यह बात कही, शरद जी से भी मैंने वही बात

सुनी कि मॉरीशस के माध्यम से जो ब्लैक मनी का रास्ता बना हुआ है, उसे रीराइट करो। ब्लैक मनी का यह काम देश के अंदर 20 वर्ष से चल रहा था। वर्ष 2016 वह ऐतिहासिक वर्ष था, जिसमें मॉरीशस, साइप्रस और सिंगापुर, इन तीनों एग्रीमेंट्स को रीराइट किया गया। इसलिए सरकार ने एक के बाद जो एक कदम उठाया था, वह उस काले धन को रोकने के लिए उठाया।

महोदय, डिमॉनेटाइजेशन के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन आनन्द जी, आप इस व्यवस्था को समझ लीजिए कि कैश की अधिकतर इकोनॉमी होना, यह किसी देश के लिए बहुत गुणी होने की बात नहीं है।

(**MR. CHAIRMAN IN THE CHAIR**)

It is no credit to any economy that you predominantly deal in cash because cash has a lot of vices.

SHRI ANAND SHARMA: We should stop printing currency then!

SHRI ARUN JAITLEY: In fact, your own White Paper that you placed in 2012 mentioned that cash is a facilitator of a lot of vices as far as the economy is concerned. So, today, to take a contrarian argument may not be possible for you because cash gives a temptation for a shadow and a parallel economy. Now, it is very easy for you to say that all cash is not black money, but can you deny the fact… ..(Interruptions)…

SHRI ANAND SHARMA: Can you name one developed country, from America to UK, from France to Germany, that is cashless? Please educate us; we do not know. ...(Interruptions)...

SHRI ARUN JAITLEY: I can name almost every country in the world which is a less-cash economy and which has made an effort to move in the direction of a less-cash economy.

(CONTD. BY HK/3W)

NKR-HK/3W/5.35

SHRI ARUN JAITLEY (CONTD.): I cannot think ...(Interruptions)..

MR. CHAIRMAN: Let the speaker continue, please. ...(Interruptions)...

SHRI ARUN JAITLEY: I cannot think of anyone in the world who now propounds the virtues of dealing only in cash. When you say - बैंक हैं नहीं, digitization संभव नहीं है, कैश में इतना बड़ा ट्रेड होता है, Why are you.. ..(व्यवधान)..

श्री आनन्द शर्मा : फिर आप नोट छापने बंद कर दीजिए।..(व्यवधान)..

SHRI ARUN JAITLEY: Why are you sprouting virtues of cash when cash can lead to various vices? Your own White Paper of 2012 says that cash is an enabler of a lot of economic vices; it gives you the temptation of dealing in black money; it carries on activities parallel in the economy which evades

the economic system; it leads to evasion of taxes; it results in lesser revenues for the Government; it leads to corruption because the instrument of corruption also is cash. All cash is not with the terrorists. But cash is a great enabler of resources as far as terrorism is concerned. It is a hard fact and, therefore, if the Government has taken effective steps to shrink that usage of cash, I don't think that your anger to this extent, which you have said, is really called for. And, therefore, this anger in favour of cash that you have been saying is not called for. Let me just explain it. …(Interruptions)…

श्री शरद यादव : हमारे देश में ऊपर से नीचे तक infrastructure इस तरह का नहीं है, मैं यह कहना चाहता हूं। बाकी आप प्रयास ठीक कर रहे हैं। ..(व्यवधान)..

श्री अरुण जेटली : शरद जी, मैं आपको इतना बता दूं कि जो infrastructure का विषय है, इस देश के अंदर सवा लाख बैंक ब्रांचेज़ हैं, आज तक इतना infrastructure था - 2,10,000 ए.टी.एम. मशीनें बनीं, इस देश में करीब सवा लाख बैंकिंग correspondents थे, जो गांव-गांव जाते थे। वर्ष 2015 में, रिजर्व बैंक ने निर्णय लिया कि अब Payment Banks होंगे। उसका असर यह हुआ कि आज जितनी बड़ी Telecom Companies हैं, उनकी जो अपनी व्यवस्थाएं हैं, उसे वे Payment Banks के अंदर convert कर रही हैं। एक-एक Telecom Company की 5-5 लाख ब्रांचेज़ ये सुविधा देने वाली बन रही हैं। पौने दो लाख पोस्ट ऑफिसेज़ इस देश के अंदर खाली पड़े हुए थे, जिनका कोई प्रयोग नहीं होता था, जो इस infrastructure का हिस्सा बन सकते थे

लेकिन नहीं बने। आज उन सबको Payment Banks का लाइसेंस दे दिया गया है। आज technology ने इतनी तरक्की कर ली है कि केवल किसी बैंक की ब्रिक एंड मॉर्टर ब्रांच पर जाकर बैंकिंग सुविधा होगी, वह नहीं होगा। जब पिछले सत्र में बहस चल रही थी, सीताराम येचुरी जी को उस समय की मेरी बात याद आ गई और उन्होंने कहा कि गरीब आदमी क्रेडिट कार्ड का कैसे इस्तेमाल करेगा, मैं आपको बता दूं कि वह आपसे और मुझसे ज्यादा प्रगतिशील है। इस देश में **..**(व्यवधान).. Let me just complete. **..**(व्यवधान)..

SHRI T.K. TANGARAJAN: One clarification …(Interruptions)… There is a country where 79 per cent people are digital but it is the most corrupt country in Africa. …(Interruptions)…

SHRI ARUN JAITLEY: Rangarajan*ji*, I would have thought where workmen get paid by cash, they are duped. When they are paid by …(Interruptions)…

SHRI T.K. TANGARAJAN: You have changed the Payment of Wages Act. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: Please stop interrupting. …(Interruptions)…

SHRI ARUN JAITLEY: We have rightly changed it to say, pay them either by cheque or by the digital mode, so tomorrow they will also be entitled to the social sector schemes which go to their advantage. You should have been in the forefront of having supported this. You are the only Marxist Party, that

I know, which sprouts the virtues of cash. …(Interruptions)… What is your objection if workmen are paid by cheque? …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: Digital mode is not made available to most of the countrymen. Such a movement is going to cause chaos like it is doing now. Secondly, digital transactions have an extra cost. You are burdening the people with that extra cost. Now, why don't you …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: You have had your say. …(Interruptions)… Please, let the speaker continue. …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: The question is asked, Sir. That is why I am answering it. …(Interruptions)…

(Followed by KSK/3X)

KSK/DS/5.40/3X

MR. CHAIRMAN: Jaitleyji, please continue.

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, let us not underestimate this country. Just as I explained to you that the banking network, even in terms of brick and mortar branches, with the new methodology of payment banks, etc., which is coming up, is going to increase. And, just as the Post Offices have reached every rural area, that is an infrastructure which has now been incorporated into the banking system. Don't underestimate the power of technology

because nobody in the world has been able to defy technology. When you say, "It doesn't reach.", let us forget credit cards because there are only about three crore credit cards. There is an element of credit involved in that. So, there is a cost element. The cost element in other technologies is somewhat lesser. Now, are you conscious of the fact that debit cards in this country alone are about 72 crores, and you are talking in terms of it not reaching anybody! Look at the volumes where it is going. What about the UPI? What about the alternate method of Aadhaar-based technologies which are now being introduced? What about the e-wallets which are being introduced? They are increasing at a great pace. At a great pace, the expansion is taking place and I must tell you that the whole process of what started on 8th of November has catalyzed that process to a great speed.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, one point. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: He has not conceded. …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I have one point. He will agree. We read in today's newspaper. …(Interruptions)… Late Sunday evening, the petrol pumps deferred their decision not to accept debit and credit card payments beginning today, that is, January 9. Dealers were protesting the levy of merchant discount rate by banks on debit and credit card transactions.

MR. CHAIRMAN: All right. That is enough. …(Interruptions)… Yechuryji, please. …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: They should understand the reality of our country. …(Interruptions)…

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, our misfortune is that not only Yechuryji's ideas but his information is also obsolete, and I tell him what newspaper report he is reading. The newspaper report that he is reading is that on the 9th of January, the petrol pump dealers said that they would not absorb these charges, and, therefore, on the 10th of January, the oil companies said that they would absorb these charges. Therefore, what he is reading is absolutely obsolete. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: All right. …(Interruptions)… Order, please. …(Interruptions)…

SHRI ARUN JAITLEY: This issue has already been sorted out. The oil companies are absorbing these charges. It has already been decided. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: Please sit down. …(Interruptions)…

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, this is not a fact. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: Don't interrupt. …(Interruptions)… Yechuryji, please, you can't do it. This is not an argument. Please sit down. …(Interruptions)…

SHRI ARUN JAITLEY: Therefore, Sir, yesterday, in an answer to a question in this hon. House, I had said that wherever the Government bodies are involved, they have already decided to absorb those charges. Therefore, this is a methodology, by which you are switching over to various non-cash methods, and, in fact, there are challenges, there are difficulties, but don't find fault with that system and don't start singing virtues of cash because cash has a bit too many vices. That's all I have to say as an intervention.

(Ends)

MR. CHAIRMAN: Now, before the hon. Prime Minister begins, I wish to say that our normal practice is to adjourn at 6 o'clock, but I presume that it is the sense of the House that we will continue.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I have a point for clarification.

MR. CHAIRMAN: No; you have had your say.

SHRI ANAND SHARMA: I have a clarification.

MR. CHAIRMAN: What is the clarification? …(Interruptions)…

श्री आनन्द शर्मा : क्योंकि जब हम बोल रहे थे, वे यहाँ नहीं थे। ...(व्यवधान)...

श्री सभापति : आप बैठ जाइए, उनको सुन लीजिए। ...(व्यवधान)... आप पहले उनको सुन लीजिए। ...(व्यवधान)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I am asking you. …(Interruptions)…

MR. CHAIRMAN: Please listen to the hon. Prime Minister. शर्मा साहब, आप बैठ जाइए। ...(व्यवधान)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, through you, I am asking the hon. Prime Minister that if we have any clarifications, will the hon. Prime Minister respond to them? That is what I am asking.

MR. CHAIRMAN: You cannot anticipate things. …(Interruptions)…

श्री आनन्द शर्मा : बाद में वे क्लैरिफिकेशन का उत्तर देंगे या नहीं देंगे? ...(व्यवधान)...

MR. CHAIRMAN: You can't anticipate what is being said. Hon. Prime Minister.

(Followed by 3Y - GSP/MCM)

MCM-GSP/3Y/5.45

प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) : आदरणीय सभापति जी, दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में दिए गए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद देने के लिए मैं आपके सामने उपस्थित हुआ हूँ।

इस चर्चा में करीब 40 आदरणीय सदस्यों ने हिस्सा लिया है। इसमें श्रीमान गुलाम नबी आज़ाद जी, श्री नीरज शेखर जी, श्री ए. नवनीतकृष्णन जी, श्री देरेक जी,

श्री डी. राजा, श्री शरद यादव जी, श्री सीताराम जी, श्रीमान अहमद भाई और अभी-अभी श्रीमान आनन्द शर्मा जी ने हिस्सा लिया है। मैं आप सबका बहुत आभारी हूँ। और भी जिन माननीय सदस्यों ने जो विषय रखा है, उसके लिए भी मैं आभारी हूँ।

जो चर्चा हुई है, वह ज्यादातर demonetization के आसपास रही है। हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि हमारे देश में यह बुराई आई है, हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि इसने हमारी अर्थव्यवस्था में, सामाजिक व्यवस्था में जड़ें जमा ली हैं। इससे हम इंकार नहीं कर सकते और इसलिए भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ लड़ाई कोई राजनैतिक लड़ाई नहीं है। यह लड़ाई किसी राजनैतिक दल को परेशान करने के लिए नहीं है और ऐसा सोचने का कारण भी नहीं है और इसलिए किसी को इस चीज़ को अपने साथ जोड़ने का कोई कारण नहीं बनता है। इस सदन में हम सब का दायित्व बनता है कि हमें इसके खिलाफ जो भी हम लोगों की संविधान की मर्यादाएं और जो हमारी बुद्धि परमिट करती है, वह करना चाहिए। यह भी सही है कि पैरेलल इकोनॉमी के कारण सबसे ज्यादा नुकसान किसी का हुआ है तो गरीब का हुआ है। गरीब का हक छीन लिया जाता है और मध्यम वर्ग का शोषण होता है। ऐसा नहीं कि पहले प्रयास नहीं हुए होंगे, पहले भी तो प्रयास हुए होंगे। अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। यह तो आज भी अगर और अधिक प्रयासों की ओर ले जाता है तो जाना पड़ेगा, क्योंकि हम कब तक इन समस्याओं को लेकर, कारपेट के नीचे सब चीजें डालकर अपना गुजारा करते रहेंगे?

सभापति जी, एक विषय चर्चा में आता है जाली नोट की चर्चा का। जो आंकड़े प्रचारित हैं, वे आंकड़े वे हैं, जो नोट बैंक तक पहुंचे हैं, उसका हिसाब-किताब है।

ज्यादातर जाली नोट कभी बैंक के दरवाजे तक न जाएं, उस व्यवस्था से चलते हैं और आतंकवाद, नक्सलवाद इसको बढ़ावा देने में इसका उपयोग भी होता है। कुछ लोग बड़े उछल-उछल कर कह रहे हैं कि आतंकवादियों के पास से दो हजार के कुछ नोट मिले थे। हमें पता होना चाहिए कि हमारे देश में यह जब नोटबंदी के बाद का जो काल खण्ड था, बैंक लूटने का जो प्रयास हुआ और उसमें नए नोट लेकर जाने का प्रयास हुआ, वह जम्मू-कश्मीर में हुआ, क्योंकि जाली नोटों पर स्थिति बनने के बाद रोजमर्रा के कारोबार के लिए उनके सामने दिक्कतें आई थीं। बैंक लूटने के कुछ ही दिनों बाद जो terrorists मारे गए, उसमें वे नोट हाथ लगे। इसका सीधा-सीधा संबंध है, इसको हमें समझना चाहिए और कोई कारण नहीं है कि हम ऐसे लोगों के पक्ष में अपना विचार क्यों रखें? कोई कारण नहीं है। ये लोग ऐसे हैं कि जिनके खिलाफ हमें एक स्वर से लड़ना ही पड़ेगा। ईमानदार व्यक्ति को ताकत तब तक नहीं मिलेगी, जब तक कि बेइमानों के प्रति कठोरता नहीं बरती जाएगी।

(3Z/SC पर जारी)

SC-SK/5.50/3Z

श्री नरेन्द्र मोदी (क्रमागत) : बहुत वर्षों पहले एक वांचू कमेटी बनी थी और नोटबंदी की आर्थिक जरूरतों के संबंध में उस कमेटी ने उस समय, जब श्रीमती इंदिरा गांधी थीं, अपनी रिपोर्ट दी थी। उस समय यशवंतराव चव्हाण जी उससे सहमत भी थे और उसे आगे बढ़ाना चाहे थे, लेकिन उस समय इंदिरा जी ने कहा कि हम तो राजनीति में हैं, चुनाव वगैरह लड़ने होते हैं।..(व्यवधान).. यह गोडबोले जी की किताब में है।..(व्यवधान).. गोडबोले जी की किताब में है।..(व्यवधान)..

श्रीमती विप्लव ठाकुर : ये क्या बोल रहे हैं?..(व्यवधान)..

श्री आनन्द शर्मा : यह गलत है।..(व्यवधान).. यह गलत बात है।..(व्यवधान).. सर, मेरा एक प्रश्न है।..(व्यवधान).. I have a point or order. I will raise it. ..(Interruptions)..

श्री नरेन्द्र मोदी : गोडबोले जी, जो श्री यशवंतराव चव्हाण के..(व्यवधान)..

श्री सभापति : बैठ जाइए, बैठ जाइए।..(व्यवधान)..

श्री आनन्द शर्मा : मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से कहना है कि इंदिरा जी अब इस ..(व्यवधान).. देश की शहीद प्रधान मंत्री हैं।..(व्यवधान).. मेरा माननीय प्रधान मंत्री जी से कहना है ..(व्यवधान)..

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ..(Interruptions).. Please sit down. ..(Interruptions)...

श्री नरेन्द्र मोदी : अच्छा होता कि गोडबोले जी की इस किताब पर ..(व्यवधान)..

श्री आनन्द शर्मा : हम कहना चाहते हैं कि उन्होंने जो श्रीमती इंदिरा गांधी के बारे में..(व्यवधान).. You expunge it because Indira*ji* and Yashwantrao Chavan ..(Interruptions)..

श्री सभापति : आप बैठ जाइए।..(व्यवधान).. पहले सुन लीजिए।..(व्यवधान)..

श्री नरेन्द्र मोदी : आनन्द जी, मुझे पूरा सुनने के बाद आप खड़े होइए।..(व्यवधान)..

SHRI ANAND SHARMA: The Prime Minister cannot refer to one Executive Assistant's book. ..(Interruptions).. आप अरुण जेटली जी के साथ जब बैठते हैं तो उनके पीए साथ में होते हैं, बात करने के लिए?..(व्यवधान)..

श्री सभापति : आप बैठ जाइए।..(व्यवधान)..Please sit down. ..(Interruptions).. Please sit down. ..(Interruptions).. Please continue.

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एम.वेंकैया नायडु) : उन पर कोई आरोप नहीं है।

श्री नरेन्द्र मोदी : जब गोडबोले जी की किताब छपी, अच्छा होता, उस समय आपने इतनी जागररूकता दिखायी होती और उस किताब के खिलाफ आवाज़ उठायी होती। आप सो रहे थे क्या? आप उस समय क्या कर रहे थे? इंदिरा जी के ऊपर इतना बड़ा आरोप लग जाए और एक अफसर आरोप लगा दे और अभी तक आप सो ही रहे हैं? आपकी जगह मैं होता तो गोडबोले जी के खिलाफ केस कर देता, लेकिन आपने नहीं किया।..(व्यवधान)..

श्री आनन्द शर्मा : आप लगा रहे हैं।

श्री नरेन्द्र मोदी : आज जब गोडबोले जी की किताब की चर्चा हो रही है तो आपको ज़रा ..(व्यवधान)..

श्रीमती विप्लव ठाकुर : गुजरात में आपके ऊपर ..(व्यवधान).. हजारों लोग..(व्यवधान).. क्या बात कर रहे हैं?..(व्यवधान)..

श्रीमती रेणुका चौधरी : छोटे-छोटे लोगों को लेकर आप..(व्यवधान)..

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Is he speaking on record? ..(Interruptions).. He is quoting a book. Is he speaking on the facts of the record? ..(Interruptions)..

MR. CHAIRMAN: The speech is on record. ..(Interruptions)..

श्री नरेन्द्र मोदी : आज उसकी स्थिति थोड़ी और आगे बढ़ी है।..(व्यवधान)..

श्री सभापति : आप बैठ जाइए, प्लीज़।..(व्यवधान)..

SHRI ANAND SHARMA: If there was a meeting, ..(Interruptions).. Is he quoting from the record? ..(Interruptions)..

MR. CHAIRMAN: It is not courteous to interrupt like this. Please sit down. ..(Interruptions)..

श्री नरेन्द्र मोदी : जब वांचू कमेटी ने रिपोर्ट दी थी, तब काला धन, नकद - वहीं तक समस्याएं सीमित थीं।..(व्यवधान)..

श्रीमती विप्लव ठाकुर : अपने केसों का देखिए।..(व्यवधान)..

श्री नरेन्द्र मोदी : आज काला धन, आतंकवादी संगठन, जाली नोट का कारोबार, drugs का कारोबार, हवाला का कारोबार, यह सब जीवन के कई क्षेत्रों तक फैल चुका है, इसलिए इसकी व्यापकता बढ़ी है। जिस समय 8 नवम्बर को निर्णय किया, तब जाली नोट वापस आने का तो सवाल ही नहीं उठता था। कोई छोटा बैंक होगा, जहां साधन नहीं होंगे और वहां अगर ऐसे नोट घुस गए होंगे तो रिज़र्व बैंक तलाश करेगा, लेकिन जाली नोट तो उसी समय neutralize हो गए और उसका हिसाब अगर किसी के पास है तो आश्चर्य होता है कि वह हिसाब इनके पास कैसे है? जाली नोट तो उसी समय neutralize हो गए और यह सब कुछ इसी के कारण हुआ है।..(व्यवधान)..

श्री सीताराम येचुरी : आप क्या बोल रहे हैं?..(व्यवधान)..

श्री नरेन्द्र मोदी : आपने एक टीवी खबर भी देखी होगी। ..(व्यवधान).. दुश्मन देश में जाली नोट का बहुत बड़ा कारोबार करने वाले को आत्महत्या करनी पड़ी थी। यह न्यूज़ टीवी पर बहुत दिन चली थी। ..(व्यवधान)..

एक माननीय सदस्य : ज़ी टीवी पर।..(व्यवधान)..

श्री नरेन्द्र मोदी : आप देखिए, हमारे देश में तीस-चालीस दिवस में 700 से ज्यादा माओवादियों ने सरेंडर किया - यह पहली बार हुआ है। नवम्बर-दिसम्बर के दरमियान 40 दिन में करीब 700 लोगों ने सरेंडर किया है और उसके बाद भी यह प्रक्रिया चल रही है। माओवादी सरेंडर करें और उसका संतोष इस सदन में किसी को न हो, ऐसा हो नहीं सकता है।

(4ए-जीएस पर जारी)

GS-KS/4A/5.55

श्री नरेन्द्र मोदी (क्रमागत): ऐसा कैसे हो सकता है? अगर नहीं हो रहा है, तो फिर कुछ मतलब और है? ...(व्यवधान)...

श्री सीताराम येचुरी: क्या सरेंडर्स इस वजह से हो रहे हैं?

श्री नरेन्द्र मोदी: अब उसमें तो आप ज्यादा मार्गदर्शन कर सकते हैं।

श्री सीताराम येचुरी: करेंगे, करेंगे, लेकिन बाद में। ...(व्यवधान)...

श्री नरेन्द्र मोदी: यह भी बात सही है कि देश की formal व्यवस्था में धन होना बहुत जरूरी है। हजार के नोट छपने के बाद सामान्य चलन में जाते ही नहीं थे, पांच सौ के नोट बहुत कम जाते थे, हजार के नोट बहुत कम जाते थे और बंडल के बंडलों का कारोबार चलता रहता था। यह हकीकत है और इस हकीकत से हम इन्कार नहीं कर सकते हैं। अब जब इतनी बड़ी करेंसी बैंकों के पास आई है, तो स्वाभाविक है कि बैंकों की सामान्य व्यक्ति को पैसे देने की ताकत बढ़ेगी। एक साथ सभी बैंकों ने ब्याज दर कम की हो, ऐसा पहली बार हमारे देश में हुआ था । बैंक का लाभ सामान्य लोगों के लिए...

यहां पर असंगठित कामगारों की बात हो रही है। सचमुच में, आप लोगों से, खासकर सीताराम येचुरी जी और उनकी पार्टी से तो यह अपेक्षा रहेगी कि असंगठित कामगारों को उनके वेतन के संबंध में सुरक्षा मिलनी चाहिए। यह हकीकत है कि जितना कहा जाता है, उतना दिया नहीं जाता है। दिया जाता है, तो उसमें भी बाहर एकाध आदमी खड़ा रहता है, वह काट लेता है। इन बीमारियों को हम सब जानते हैं। ...(व्यवधान)...

श्री सीताराम येचुरी: अब वेतन भी नहीं मिल रहा है।

श्री नरेन्द्र मोदी: ऐसी बहुत सी बीमारियों से हम परिचित हैं और इसीलिए अगर यह व्यवस्था हम खड़ी करते हैं, तो उसका श्रमिकों को लाभ मिलेगा, समय रहते ई.पी.एफ. के साथ जुड़ेंगे, ई.एस.आई. स्कीम के साथ भी जुड़ेंगे। श्रमिकों को एक बहुत बड़ी सुरक्षा इसके कारण सम्भव होने वाली है और इस दिशा में हमारा प्रयास है।

मैं असम के टी बागान का एक उदाहरण देना चाहता हूं। वहां की सरकार ने थोड़ा initiative लिया। चाय बागान में काम करने वाले मजदूरों के लिए उन्होंने बैंक में करीब 60 लाख खाते खुलवाए। मोबाइल ऐप पर उनको कारोबार करना सिखाया। शुरू में यूनियन वालों ने मना किया, नहीं कैश में पैसा देना पड़ेगा, क्योंकि उसमें बाकी चीज़ें जुड़ी हुई थीं। इसके कारण इन चाय बागानों के मजदूरों को पूरा वेतन मिलने लगा और उस इलाके में उनका कारोबार सुरक्षित हुआ। यह एक बहुत बड़ा अच्छा एक्सपीरियेंस है।

इसी प्रकार से नोटबंदी के समय में कोई विदेशी अखबार को क्वोट करते हैं, कोई विदेश अर्थशास्त्रियों को क्वोट करते हैं। यह एक ऐसा विषय है कि अगर आप 10 क्वोट करेंगे, तो मैं 20 क्वोट कर सकता हूं। अगर आप 10 महापुरुषों को क्वोट कर

सकते हैं, तो मैं 20 महापुरुषों को क्वोट कर सकता हूं। यह इसलिए हो रहा है कि विश्व में इसका कोई parallel ही नहीं है। दुनिया में कहीं इतना बड़ा और इतना व्यापक निर्णय कभी नहीं हुआ। ...(व्यवधान)... इसलिए दुनिया के अर्थशास्त्रियों के पास भी इसका लेखा-जोखा करने का कोई मापदंड नहीं है। ...(व्यवधान)... यह बहुत बड़ा दुनिया के अर्थशास्त्रियों के लिए, दुनिया की यूनिवर्सिटीज़ के लिए एक बहुत बड़ा केस स्टडी बन सकता है और भारत ने कितना बड़ा निर्णय किया है, इसका भी ...(व्यवधान)... इसी प्रकार से जन-सामान्य का, देश की जन-शक्ति क्या होती है और इस सदन में बैठे हुए सभी महानुभावों से मैं कहना चाहता हूं कि इस नोटबंदी के बाद समाजशास्त्री जरूर अध्ययन करेंगे। पहली बार देश में horizontal divide उभर कर आया है और जब मैं horizontal divide कहता हूं, तो जनता-जनार्दन का मिजाज एक तरफ और नेताओं का मिजाज दूसरी तरफ।

(HMS/4B पर जारी)